सतना | बुधवार | 24 दिसंबर 2025 | वर्ष 27 | अंक 112 | पृष्ठ 20 | मूल्य रु. 6.00
navabharat.com twitter.com/Nava_Bharat fb.me/NavaBharat.Social

नव भारत
राष्ट्रहित का प्रहरी 1934 से


5 बांग्लादेश एक बार फिर बेलगाम


6 हाथियों की मौत का जिम्मेदार कौन?


7 बड़ा सोचें, बड़े की चाहत रखें : गोयल


8 दीप्ति टी-20 गेंदबाजी रैंकिंग में नंबर 1

# मेडिकल में पीपीपी मॉडल

## पीपीपी मोड पर आकार लेगा देश का पहला मेडिकल कॉलेज : केंद्रीय मंत्री जेपी नड्डा | बैतूल में भी होगा मेडिकल कॉलेज का निर्माण, सीएम ने मुलताई का नाम मुलतापी करने की घोषणा की

संजय बाजपेई

**धार/बैतूल, 23 दिसंबर. स्वास्थ्य के क्षेत्र में मध्यप्रदेश आज एक ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल कर रहा है. प्रदेश के दो जनजातीय बाहुल्य जिलों में आज मेडिकल कॉलेजों का भूमि पूजन हो रहा है. प्रदेश के अंतिम पंक्ति में बैठे अंतिम व्यक्ति तक सस्ती, सुलभ और गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाने के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री जगतप्रकाश नड्डा का प्रदेशवासियों की ओर से विशेष आभार. यह पीपीपी मोड पर बनने वाला देश का पहला मेडिकल कॉलेज होगा. इस पहल की शुरुआत मध्यप्रदेश की धरती से हो रही है.**

यह बात मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कही. मुख्यमंत्री डॉ.



यादव धार में पीपीपी मॉडल पर मेडिकल कॉलेज के शिलान्यास के लिए पीजी कॉलेज मैदान धार में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे. केन्द्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, रसायन और उर्वरक मंत्री जेपी नड्डा कार्यक्रम के मुख्य अतिथि थे. मुख्यमंत्री डॉ. यादव तथा केंद्रीय मंत्री नड्डा ने रिमोट का बटन दबाकर मेडिकल कॉलेज का शिलान्यास और धार जिले के विकास कार्यों का भूमिपूजन व लोकार्पण किया.

### 75 हजार सीटें बढ़ाने का लक्ष्य : नड्डा

केन्द्रीय मंत्री नड्डा ने कहा कि देश में 2014 में 387 मेडिकल कॉलेज और 51 हजार एमबीबीएस सीटें थीं, आज 819 मेडिकल कॉलेज और एमबीबीएस के लिए 1 लाख 29 हजार सीटें हैं. प्रधानमंत्री ने 2030 से पहले 75 हजार सीटें बढ़ाने का लक्ष्य रखा है. मध्यप्रदेश में अगले महीने कटनी और पन्ना मेडिकल कॉलेज का भी भूमि-पूजन किया जाएगा. केन्द्रीय मंत्री ने विवेकानंद नॉलेज फाउंडेशन की पदाधिकारी सुनीता कपूर और श्रुति कपूर को पीपीपी मोड पर मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल आरंभ करने पर बधाई दी. उन्होंने कहा कि धार में मेडिकल कॉलेज खुलने से गांव-गांव में डॉक्टर पहुंचेंगे. हम सत्ता को भोगने के लिए नहीं, सेवा करने के लिए आए हैं.

केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री जगत प्रकाश नड्डा ने कहा कि धार में मेडिकल कॉलेज का भूमि-पूजन देश के लिए ऐतिहासिक अवसर है। मध्यप्रदेश ने स्वास्थ्य के क्षेत्र में देश को एक नेतृत्व दिया है.

बता दें कि मंत्री जेपी नड्डा एवं प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा धार जिले को कुल 626 करोड़ रुपये के विभिन्न कार्यों का भूमिपूजन एवं लोकार्पण किया गया।

इधर केंद्रीय मंत्री नड्डा ने बैतूल में 338 लाख रुपए की लागत से पीपीपी मोड से बनने वाले के मेडिकल कॉलेज के शिलान्यास समारोह को संबोधित किया. इस अवसर पर मुख्यमंत्री मोहन यादव ने मुलताई का नाम बदलकर मुलतापी करने की भी घोषणा की.

# एमपी में 42 लाख से अधिक नाम हटे

- एसआईआर की एक माह से चल रही कवायद का नतीजा
- मतदान केंद्रों में भी वोटर लिस्ट की सूची चस्पा
- 22 जनवरी तक दावे-आपत्ति की जा सकती हैं दर्ज



प्रशासनिक संवाददाता

**भोपाल, 23 दिसंबर. प्रदेश में एक माह से भी अधिक समय से चल रहे मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण का नतीजा सामने आ गया है. एसआईआर की प्रक्रिया के बाद चुनाव आयोग ने मतदाता सूची का प्रकाशन कर दिया है. इस नई सूची में मप्र में 42 लाख 74 हजार 160 मतदाताओं के नाम हटा दिये गये हैं. इस तरह वे मतदाता सूची से बाहर हो गये हैं. अब मतदाता सूची में नामों को लेकर किसी वोटर को कोई आपत्ति है तो वे 22 जनवरी तक दावे-आपत्ति दे सकते हैं.**

चुनाव आयोग ने जो मतदाता सूची का प्रकाशन किया है, उस हिसाब से प्रदेश में 19 लाख 19 हजार मतदाताओं के नाम हटाए गऐ हैं, पुरूषों के मुकाबले महिलाओं के नाम सबसे ज्यादा हटाए गए हैं, इस मतदाता सूची के हिसाब से 23 लाख 64 महिलाओं के नाम बाहर कर दिये गये हैं. सबसे बड़ी बात ये कि 8 लाख 40 ऐसे वोटर हैं, जिनकी मैपिंग ही नहीं की जा सकी. एसआईआर में ऐसे मतदाता जो कि कहीं और शिफ्ट हो गये हैं या फिर मौके पर अनुपस्थित मिले, उनकी संख्या 31 लाख 51 हजार थी, जो कि कुल वोटरों का लगभग 5.49 फीसदी है. ये सूची राजनीतिक दलों को भी उपलब्ध करा दी गई है. प्रदेश के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी संजय झा ने मंगलवार को इस संबंध में पत्रकार वार्ता के माध्यम से जानकारी साझा की.

### छत्तीसगढ़ में 6 लाख नाम कटे

छत्तीसगढ़ में राज्य निर्वाचन आयोग ने वोटर लिस्ट के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर ) के तहत ड्राफ्ट वोटर लिस्ट जारी कर दी है। इस वर्ष एसआईआर अभियान के दौरान कुल 1 करोड़ 84 लाख 95 हजार 920 मतदाताओं से एनरोलमेंट फॉर्म एकत्र किए गए है। वोटर लिस्ट से 6 लाख से अधिक मृतक समेत 27 लाख 34 हजार 817 मतदाताओं के नाम काटे गए हैं। इनमें गैर-मौजूद, स्थायी रूप से स्थानांतरित और मृतक मतदाता शामिल हैं।

### एक नजर में



#### पीएम के साथ परीक्षा पे चर्चा के लिए 2 करोड़ ने कराया रजिस्ट्रेशन

**नई दिल्ली.** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ परीक्षा पे चर्चा 2026 के 9वें एडिशन के लिए रजिस्ट्रेशन जारी है. मंगलवार तक इस कार्यक्रम के लिए कुल 2 करोड़ से अधिक पार्टिसिपेंट्स ने रजिस्ट्रेशन करा लिया है. इस प्रोग्राम के लिए अप्लाई करने की अंतिम तिथि 11 जनवरी 2026 है. इच्छुक कैंडिडेट्स ऑफिशियल वेबसाइट innovateindiav.mygov.in पर जाकर अप्लाई कर सकते हैं.

#### यूएई से वांछित भगोड़े रितिक को भारत लाया

**नई दिल्ली.** केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) मंगलवार को संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) से वांछित भगोड़े अपराधी रितिक बजाज को इंटरपोल की सहायता से वापस लेकर यहां पहुंची. सीबीआई ने यह जानकारी दी है. उन्होंने कहा कि दिल्ली पुलिस का वांछित भगोड़े अपराधी रितिक बजाज को इंटरपोल सहयोग से यूएई से भारत वापस लाया गया है. सीबीआई के अनुसार रितिक बजाज दिल्ली पुलिस को मादक पदार्थ तस्करी और आपूर्ति मामले में वांछित था.

# 404 करोड़ का सट्टा कारोबारी

## इंदौर में ऑनलाइन गेम का मास्टरमाइंड है विशाल

नवभारत न्यूज

**इंदौर, 23 दिसंबर. लोगों के पैसे को फंसाने वाले बड़े ऑनलाइन सट्टा और डब्बा ट्रेडिंग रैकेट का सरगना विशाल अग्निहोत्री अब जांच के घेरे में है. ईडी ने मामले में 22 दिसंबर को विशेष अदालत पीएमएलए में उसके खिलाफ अभियोजन शिकायत दर्ज कराई. जांच में सामने आया कि विशाल अग्निहोत्री ने इंदौर में अपने गिरोह के जरिए अवैध प्लेटफॉर्म चलाकर करोड़ों रुपए कमाए.**

ईडी की अधिकृत जानकारी के अनुसार जांच में पता चला कि विशाल अग्निहोत्री ने अपने



नेटवर्क के जरिए इंदौर के कई लोगों को जाल में फंसाया. तरुण श्रीवास्तव ने वित्तीय लेन देन और म्यूले अकाउंट संभाले, जबकि श्रीनिवासन रामासामी ने प्लेटफॉर्म के सर्वर इस तरह तैयार किए कि ट्रेडिंग के नतीजे पूरी तरह दिखावटी और मनमाने दिखाई दें. सट्टा नेटवर्क में धवल देवराज जैन और धर्मेश त्रिवेदी ने गुप्त और ऑफशोर प्लेटफॉर्म संचालित किए. वहीं निधि चंदनानी ने फंड मूवमेंट और लेयरिंग का जिम्मा उठाया. जांच में यह भी सामने आया कि वी मनी और 8 स्टॉक हाईट जैसे प्लेटफॉर्म पर केवल दिखावटी ट्रेडिंग होती थी, जबकि लोटस बुक 247 और 11 स्टॉर्स जैसे प्लेटफॉर्म नकली अकाउंट और एन्क्रिप्टेड संचार के जरिए संचालित किए जा रहे थे. ईडी ने अवैध गतिविधियों से 404.46 करोड़ रुपये की आमदनी का पता लगाया. इसके साथ ही 34.26 करोड़ रुपए की संपत्ति को अस्थायी रूप से अटैच किया.

# ओडिशा में 22 माओवादियों ने किया सरेंडर

**मलकानगिरी, 23 दिसंबर.** जिले में मंगलवार को 22 माओवादियों ने सामूहिक रूप से आत्मसमर्पण किया है. ओडिशा में यह इस साल का पहला बड़ा आत्मसमर्पण है. इन माओवादियों ने मलकानगिरी पुलिस के सामने आत्मसमर्पण किया. इनमें से हर एक पर लाखों का इनाम घोषित किया गया था. जिला प्रशासन ने बताया कि आत्मसर्मण करने वाले माओवादियों को आर्थिक सहायता मुहैया कराई जाएगी और उन्हें समाज की मुख्य धारा से जोड़ने के लिए समर्थन दिया जाएगा. हालिया दौर में विभिन्न राज्यों में बड़ी संख्या में माओवादियों ने आत्मसर्मण किया है. रिपोर्ट्स के मुताबिक, आत्मसमर्पण करने वाले कैडरों में एक संभागीय समिति सदस्य, छह एसीएम के साथ ही 15 पार्टी सदस्य शामिल हैं. हर एक पर 5.5 लाख रुपये से लेकर 27.5 लाख रुपये तक का इनाम था. इस मामले में पुलिस महानिदेशक वाईबी खुराना विस्तृत जानकारी साझा कर सकते हैं. जिला प्रशासन ने साफ किया है कि आत्मसमर्पण करने वाले सभी माओवादियों को प्रशासन की ओर से आर्थिक सहायता मुहैया कराई जाएगी.



# जब बिहार ने वोट की चोट दी, तो राहुल जर्मनी चले गए : नितिन

**पटना, 23 दिसंबर. नितिन नबीन बीजेपी के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष बनने के बाद पहली बार पटना पहुंचे. यहां उनका स्वागत कार्यक्रम आयोजित किया गया. नितिन नबीन ने पार्टी कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त किया और मंच से विपक्ष पर तीखे राजनीतिक हमले भी किए.**

अपने संबोधन में उन्होंने कांग्रेस नेता राहुल गांधी और आरजेडी नेता तेजस्वी यादव को निशाना साधा और कहा कि जब बिहार की जनता ने वोट की चोट दी, तो राहुल गांधी जर्मनी चले गए. तेजस्वी यादव पर हमला बोलते हुए उन्होंने कहा, उन्हें जब मौका मिलता है, वे देश की समस्याओं से भागकर विदेश चले जाते हैं.

## ज्ञानपीठ पुरस्कार से सम्मानित विनोद कुमार शुक्ल नहीं रहे

**रायपुर/नई दिल्ली, 23 दिसंबर।** हिंदी साहित्य का एक शांत, गहन और



संवेदनशील स्वर मंगलवार को हमेशा के लिए मौन हो गया। 'दीवार में एक खिड़की रहती थी', 'नौकर की कमीज', 'आकाश धरती को खटखटाता है' जैसी कालजयी रचनाओं से पाठकों के मन में घर करने वाले वरिष्ठ कवि-कथाकार विनोद कुमार शुक्ल का 88 वर्ष की आयु में रायपुर एम्स में निधन हो गया। कुछ ही सप्ताह पहले उन्हें ज्ञानपीठ पुरस्कार 2024 के लिए चुने जाने की घोषणा हुई थी.

रणनीति | उपाध्यक्ष की रेस में प्रियंका गांधी, सचिन पायलट समेत कई पूर्व मुख्यमंत्रियों का नाम शामिल

# चार उपाध्यक्ष बनाने की तैयारी में कांग्रेस


प्रवेश कुमार मिश्र

**नई दिल्ली, 23 दिसम्बर. कांग्रेस पार्टी आने वाले समय में न सिर्फ सांगठनिक ढांचे में व्यापक बदलाव करते हुए राष्ट्रीय संगठन को चार जोन में बांटकर उसका प्रभार चार उपाध्यक्षों को देने की रणनीति बना रही है बल्कि पार्टी अपनी चुनावी रणनीति में भी आमूलचूल परिवर्तन करने की योजना बना रही है.**

सूत्रों की मानें तो पार्टी के अंदर अपने सांगठनिक ढांचे में समय के साथ बदलाव करने का प्रस्ताव वर्षों से विचाराधीन है लेकिन किसी न किसी वजह से



उसको कार्ययोजना में शामिल नहीं किया जा सका है. लेकिन पिछले कुछ वर्षों में पार्टी को मिली करारी चुनावी शिकस्त के कारण पार्टी के अंदर मौजूद एक बड़ा समूह पार्टी की सांगठनिक व्यवस्था में बदलाव करने के



लिए आंतरिक दबाव बना रहा है. सूत्र बता रहे हैं कि दूसरे दलों में जिस तरह से समय के साथ सांगठनिक जिम्मेदारी में अपेक्षाकृत नेताओं को आगे लाने की प्रक्रिया आरंभ हुई है उससे प्रेरित होकर कांग्रेसी रणनीतिकारों ने भी राष्ट्रीय अध्यक्ष के नीचे चार उपाध्यक्षों की नियुक्ति करने की योजना बनाई है. संगठन को चार जोन में बांटकर एक-एक जोन की जिम्मेदारी एक -एक उपाध्यक्षों को सौंपी जाएगी. प्रत्येक उपाध्यक्ष के जिम्मे छह से आठ राज्य होंगे. उसके बाद हरेक प्रदेश की निगरानी के लिए महासचिव या स्वतंत्र प्रभार वाले प्रभारी और हरेक प्रदेश प्रभारियों के साथ चार से छह सचिव व संयुक्त सचिव की नियुक्ति की जानी है. सूत्र बता रहे हैं कि इस व्यवस्था के तहत अध्यक्ष की ताकत कमजोर नहीं किया जाएगा

( शेष पेज 5 पर )

एन बी सी सी NBCC A Navratna CPSE
ASPIRE
माननीय उच्चतम न्यायालय की निगरानी वाली आवास परियोजना लर्नेड कोर्ट रिसीवर के माध्यम से
एनबीसीसी (इंडिया) लिमिटेड द्वारा निष्पादित
ई-नीलामी के माध्यम से मालसूची की थोक बिक्री


एस्पायर सिलिकॉन सिटी
फेज़-IV, सेक्टर-76, नोएडा, उत्तर प्रदेश
मालसूची - आधुनिक सुविधाओं से युक्त 3 बी.एच.के. एवं 4 बी.एच.के. के आलीशान अपार्टमेंट्स
स्पेक्ट्रम मॉल, नोएडा के पास और निकटतम मेट्रो स्टेशन नोएडा सेक्टर-50 (एक्वा लाइन) एवं सेक्टर-76 मेट्रो हैं तथा आनंद विहार आईएसबीटी और रेलवे स्टेशन - 25 मिनट


एस्पायर लेज़र पार्क
टेकज़ोन-IV, ग्रेटर नोएडा (वेस्ट), उत्तर प्रदेश
मालसूची-आधुनिक सुविधाओं से युक्त 3 बी.एच.के. एवं 4 बी.एच.के. के आलीशान अपार्टमेंट्स
डीमार्ट के पास एवं आनंद विहार आईएसबीटी और रेलवे स्टेशन - 30 मिनट


एस्पायर लेज़र वैली
टेकज़ोन-IV, ग्रेटर नोएडा (वेस्ट), उत्तर प्रदेश
मालसूची आधुनिक सुविधाओं से युक्त 3 बी.एच.के. एवं 4 बी. एच. के. के आलीशान अपार्टमेंट्स
डीमार्ट के पास एवं आनंद विहार आईएसबीटी और रेलवे स्टेशन - 35 मिनट


एस्पायर सेंचुरियन पार्क
टेकज़ोन-IV, ग्रेटर नोएडा (वेस्ट), उत्तर प्रदेश
मालसूची-आधुनिक सुविधाओं से युक्त 3 बी.एच.के. एवं 4 बी.एच.के. के आलीशान अपार्टमेंट्स
डीमार्ट के पास एवं आनंद विहार आईएसबीटी और रेलवे स्टेशन - 30 मिनट

ई.एम.डी. जमा करने की अंतिम तिथि: 27.12.2025
ई-नीलामी 29.12.2025 को आयोजित की जाएगी
ई.एम.डी. राशि 9.70 करोड़ रु. से 20.90 करोड़ रु. तक
7 पैकेज जिनका मूल्य 485 करोड़ रु. से 1,045 करोड़ रु. तक है
कृपया अधिक जानकारी के लिए हमारी वेबसाइट देखें:
www.nbccindia.in I www.receiveramrapali.in
या कॉल करें : 9772907414
कृपया ई-नीलामी दस्तावेज के लिए क्यूआर स्कैन करें: